प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार                                                                                    दिनांक 26.12.2024

मुख्य समाचारः–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीर बाल दिवस पर आज नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ की हेमबती नाग सहित सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कल होने वाली आरक्षण की प्रक्रिया स्थगित की गई–अब सात जनवरी को होगा आरक्षण।

- नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने राज्यपाल को पत्र लिखकर विधानसभा में पारित छत्तीसगढ नगर पालिका और नगर निगम संशोधन विधेयक को संविधान विरूद्ध बताया।

- कल उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

<u>राष्ट्रीय बाल पुरस्कार</u>
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए सत्रह बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इन बच्चों में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की हेमबती नाग भी शामिल हैं। इन बच्चों को कला–संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के सभी नागरिकों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और अवसर प्रदान करना देश की परंपरा का हिस्सा रहा है।

*<u>अपने देश के बच्चों के लिए आदर्श प्रस्तुत किए हैं। किसी ने अपनी जान जोखिम में डालकर बहादुरी के साथ लोगों की जान बचाई। किसी ने मेडिकल कंडीशन के बावजूद दिव्यांगजनों की सहायता के लिए कार्य किए हैं। किसी ने खेलकूद अथवा कला के क्षेत्र में असाधारण व्यवधान दिया है, तो किसी ने देश प्रेम का आदर्श प्रस्तुत किया है। देश प्रेम की भावना ही बच्चों को और राष्ट्र हित के लिए समर्पित होने के मार्ग पर ले जाती है।</u>*

कोंडागांव जिले की जूडो खिलाड़ी हेमबती नाग को खेलो इंडिया और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। हेमबती ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए उन्हें यह अवार्ड मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेमबती को शुभकामनाएं दी हैं।

<u>वीर बाल दिवस–प्रधानमंत्री</u>
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है।

*वीर बाल दिवस का ये वर्ष और भी खास है। ये वर्ष भारतीय गणतंत्र की स्थापना का, हमारे संविधान का पचहत्तरवां वर्ष है। इस पचहत्तरवें वर्ष में देश का हर नागरिक वीर साहिबजादों से राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम करने की प्रेरणा ले रहा है। आज भारत जिस सशक्त लोकतंत्र पर गर्व करता है, उसकी नींव में साहिबजादों की वीरता है।*

श्री मोदी ने कहा कि संविधान, लोगों को देश की संप्रभुता और एकता को सबसे ऊपर रखने के सिद्धांत की सीख देता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है।

वीर बाल दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि छब्बीस दिसंबर का दिन गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता और निष्ठा को समर्पण करने का दिन है। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

वीर बाल दिवस–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है।

*वीर बाल दिवस का ये वर्ष और भी खास है। ये वर्ष भारतीय गणतंत्र की स्थापना का, हमारे संविधान का पचहत्तरवां वर्ष है। इस पचहत्तरवें वर्ष में देश का हर नागरिक वीर साहिबजादों से राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम करने की प्रेरणा ले रहा है। आज भारत जिस सशक्त लोकतंत्र पर गर्व करता है, उसकी नींव में साहिबजादों की वीरता है।*

श्री मोदी ने कहा कि संविधान, लोगों को देश की संप्रभुता और एकता को सबसे ऊपर रखने के सिद्धांत की सीख देता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है।

वीर बाल दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि छब्बीस दिसंबर का दिन गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता और निष्ठा को समर्पण करने का दिन है। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

निकाय चुनाव–आरक्षण

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्षों के पदों के लिए कल होने वाले आरक्षण की प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के संचालक कुंदन कुमार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक आरक्षण की प्रक्रिया अब सात जनवरी को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह ग्यारह बजे से होगी।

नेता प्रतिपक्ष–राज्यपाल पत्र

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने राज्यपाल रमेन डेका को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित छत्तीसगढ नगर पालिका संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ नगर निगम संशोधन विधेयक को संविधान विरूद्ध बताया है। डॉक्टर महंत ने कहा है कि दोनों विधेयकों के पारित होने के बाद पांच वर्ष की

अवधि के पहले नया चुनाव कराने की बाध्यता समाप्त होकर छह महीने की अतिरिक्त अवधि अनुज्ञेय हो जाएगी। यह संविधान के प्रावधान के प्रभाव को निष्प्रभावी करने वाला संशोधन होगा, जो पूरी तरह से असंवैधानिक है। उन्होंने राज्यपाल से इसमें उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री–स्वामित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल स्वामित्व योजना के अंतर्गत छप्पन लाख से अधिक परिसम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी, योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से दस राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग पचास हजार गांवों में स्वामित्व सम्पत्ति कार्ड वितरित किए जाएंगे। इनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल हैं। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी या बसावट वाले क्षेत्रों में परिसम्पत्ति मालिकों को भूमि के दस्तावेज प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में स्वामित्व सम्पत्ति कार्ड का वितरण करेंगे।

मुख्यमंत्री–जशपुर/सारंगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के घुघरी गांव में नागवंशी समाज द्वारा आयोजित आदिवासी गौरव सम्मलेन में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बगीचा में एक करोड़ रुपये की लागत से सामाजिक भवन बनाने की घोषणा की और तीन एकड़ जमीन का पट्टा प्रदान किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नया रायपुर में जनजातीय समाज के वीर योद्धाओं की गाथाओं को समर्पित भव्य संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। जो उनके बलिदानों की गौरवशाली कहानियों को सजीव रूप में प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि इस संग्रहालय का लोकार्पण जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के टिमरलगा मैदान में पर्वत दान महोत्सव में भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टिमरलगा में स्कूल, अस्पताल के उन्नयन और मां नाथल दाई मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

अटल परिसर–आधारशिला

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर कल प्रदेश के एक सौ बासठ नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी वर्चुअल रूप से जुड़े।
इसी कड़ी में कोरबा जिले में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अटल परिसर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

सहकारी समिति–शुभारंभ

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कल जगदलपुर में राज्य की तीन सौ से अधिक नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का वर्चुअल रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान श्री कश्यप ने कहा कि अभी प्रदेश में कार्यरत् दो हजार अंठावन पैक्स तथा लैम्प्स द्वारा किसानों को कृषि ऋण और खाद–बीज जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन्हें और अधिक सक्षम बनाया जा रहा है। राज्य में पांच सौ नये बहुउद्देशीय पैक्स का गठन किया जाएगा।

माओवादी आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में एक माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी कुतुल एरिया कमेटी के अन्तर्गत गुमरका जनताना सरकार में उपाध्यक्ष के पद पर काम कर रहा था और पिछले आठ वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय था। इस पर ओरछा, गीदम और बारसूर में विभिन्न माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादी को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

गांजा–बरामद

महासमुंद जिले की बलौदा पुलिस ने एक सौ चौंसठ किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को आज गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब बत्तीस लाख अस्सी हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार ट्रक में गांजा लेकर दोनों आरोपी ओडिशा से राजस्थान जा रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर बलौदा पुलिस ने सिरपुर फारेस्ट नाका के पास ट्रक को रोककर जांच की। इस दौरान छह बोरियों में रखा गांजा बरामद किया गया। दोनों आरोपी मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं।

मौसम

उत्तर छत्तीसगढ़ में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में भी एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में परिवर्तन हुआ है। हवा की दिशा बदलने से बंगाल की खाड़ी से काफी नमी आ रही है। इसके असर से प्रदेश में अगले तीन दिनों तक हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

संक्षिप्त समाचार

- केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी उनतीस दिसंबर को दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए की गई उत्कृष्ट पहल को साझा करने के साथ ही हितग्राहियों से संवाद किया जाएगा।

- शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, रायपुर द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र के लिए एक से इकतीस जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- दुर्ग जिले के आईजी कार्यालय में पदस्थ आरक्षक उपेंद्र तिवारी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। कल रात मोटरसाइकिल से स्मृति नगर स्थित अपने निवास जाने के दौरान आरक्षक हादसे का शिकार हो गया।

- बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के मिचनार गांव के पास एक कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इससे दोपहिया में सवार दो युवकों की मौत हो गई है।